Building Better Tomorrow

# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना
(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
राजापुर पुल, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना– 800001

## कार्यालय आदेश

कार्यालय आदेश सं0– 314 / दिनांक 05/11/19 /

मौनसून, 2019 के अंतर्गत अति वृष्टि के फलस्वरूप जल–जमाव की स्थिति को देखते हुए पटना नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत बुडको के अधीन विभिन्न ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशन/सम्प हाउस पर पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कार्यालय आदेश सं0–295 दिनांक–06.10.19 के माध्यम से की गई थी और उसका अवधि विस्तार कई चरणों में दिनांक–03.11.19 तक किया गया था। साथ ही बुडको मुख्यालय में कार्यरत नियंत्रण कक्ष में तीन पालियों में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति बुडको के कार्यालय आदेश संख्या 299 दिनांक– 10.10.2019 के माध्यम से की गई थी और उस आदेश का विस्तार दिनांक– 03.11.2019 तक किया गया था। वर्ष 2019 की मौनसून अवधि समाप्त हो चुकी है। ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशनों के प्रभारी अभियंतागण शेष अवधि में आवश्यकतानुसार पम्पों का संचालन करते रहेंगे।

इस आलोक में उक्त दोनो कार्यालय आदेश से की गई प्रतिनियुक्ति को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है।

उपर्युक्त के संबंध में प्रबंध निदेशक, बुडको की स्वीकृति संबंधित संचिका में प्राप्त है।

ह0/–
**महाप्रबंधक (प्रशासन),**
**बुडको**

ज्ञापांक–5484 / दिनांक–05/11/19

1. **प्रतिलिपि** : बुडको के सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
2. **प्रतिलिपि** : प्रबंध निदेशक कोषांग, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
3. **प्रतिलिपि** : प्रबंधक (सू0त0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उन्हें निदेशित किया जाता है कि वे इस आदेश को BUIDCO IMAGE एवं BUIDCO Official Group पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. **प्रतिलिपि** : सभी कार्यपालक अभियंता (पटना नगर निगम क्षेत्र) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
5. **प्रतिलिपि** : श्री दयाशंकर प्रसाद, कार्यपालक अभियंता (बुडको मुख्यालय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
6. **प्रतिलिपि** : सभी मुख्य अभियंता, बुडको मुख्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/11/2019
**महाप्रबंधक (प्रशासन),**
**बुडको**